1178/20-05-2022

**दिनांक–17.05.2022 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में बिहार विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अंतर्गत निर्मित होने वाले मानचित्र निर्माण प्रक्रिया की जाँच तृतीय पक्ष के रूप में बिहार रिमोट सेन्सिग एप्लिकेशन सेन्टर, बिहार, पटना द्वारा कराए जाने के संबंध में BIRSAC के परियोजना निदेशक एवं वैज्ञानिकों के साथ हुई बैठक की कार्यवाही।**

उपस्थिति यथा संधारित।

दिनांक– 17.05.2022 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना की अध्यक्षता में राज्य में संचालित विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अंतर्गत अपनाई गई मानचित्र निर्माण की प्रक्रिया में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा किए गए कार्यों की शुद्धता की जाँच/सत्यापन का कार्य तृतीय पक्ष के रूप में बिहार रिमोट सेन्सिंग एप्लिकेशन सेन्टर, बिहार, पटना द्वारा कराने के संबंध में Bihar Remote Sensing Application Centre के परियोजना निदेशक, BIRSAC तथा BIRSAC के वैज्ञानिकों के साथ भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक– 1044 दिनांक– 09.05.2022 के आलोक में बैठक की गई।

बैठक विमर्शोपरांत लिए गए निर्णय के अनुसार निम्नांकित निदेश दिए गए:–

(i) पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार BIRSAC के पत्रांक– 60 दिनांक– 03.02.2022 के द्वारा समर्पित जाँच संबंधी Methodology एवं प्रस्तावित बजट के संबंधी प्रस्तुतीकरण के संबंध में श्री दीपा सिन्हा, वैज्ञानिक, BIRSAC द्वारा अतिरिक्त समय की मांग की गई।

विमर्शोपरांत निर्णय लिया गया कि दिनांक– 03.06.2022 शुक्रवार को पूर्वा0 11:30 बजे भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के शास्त्रीनगर स्थित सभा कक्ष में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया जाए। साथ ही प्रस्तुतीकरण संबंधी बैठक में भाग लेने के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना तथा भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के पदाधिकारी, IT Cell एवं GIS Lab के प्रोग्रामर एवं कर्मी, हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं एन0आई0सी0, पटना के प्रतिनिधि को भी आमंत्रित किया जाए।

(ii) BIRSAC द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण में DILRMP (Digital India Land Record Modernisation Programme) अंतर्गत निर्गत दिशा–निर्देश एवं भारत के अन्य राज्यों में इस संबंध में किए जा रहे कार्यों की कार्य–प्रणाली को भी ध्यान में रखा जाए एवं पूर्व से उपस्थापित Methodology में यदि आवश्यक हो तो सुधार कर लिया जाए।

(iii) मानचित्र निर्माण की प्रक्रिया में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा किए गए कार्यों की शुद्धता की जाँच/सत्यापन का कार्य में BIRSAC द्वारा कौन–कौन से Software/Tool का प्रयोग किया जाएगा, इसे भी प्रस्तुतीकरण में शामिल किया जाए।

(iv) मानचित्र निर्माण की प्रक्रिया में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा किए गए कार्यों की शुद्धता की जाँच/सत्यापन के लिए BIRSAC को बिहार विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अंतर्गत प्रक्रमवार तैयार किए जानेवाले मानचित्रों में किस–किस प्रक्रमों के मानचित्रों की आवश्यकता होगी, इसे प्रस्तुतीकरण में स्पष्ट किया जाए।

(v) बैठक में उपस्थित BIRSAC के वैज्ञानिकों को बताया गया कि वर्त्तमान समय में विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अंतर्गत तैयार Spatial Data (मानचित्र निर्माण संबंधी डाटा) को SDC (State Data Centre) में संरक्षित किया जाता है, परंतु इसके लिए स्वतंत्र रूप से निर्मित परिवेश में एक स्वंतत्र प्लेटफॉर्म अंतर्गत रखे जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस संबंध में Spatial Data को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के लिए Required & Safe Structure क्या हो सकता है, इस संबंध में BIRSAC द्वारा तकनीकी परामर्श उपलब्ध कराया जाए।

(vi) BIRSAC के वैज्ञानिकों को बताया गया कि मानचित्र निर्माण की प्रक्रिया में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा किए गए कार्यों की शुद्धता की जाँच/सत्यापन एवं विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अंतर्गत संकलित किए जानेवाले GIS संबंधित डाटा की जाँच आदि के लिए भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय स्तर पर वर्त्तमान में एक GIS Lab कार्यरत है, जिसका स्वरूप एवं कार्य–प्रणाली पूर्णतया स्पष्ट नहीं है एवं GIS Lab में कार्यरत कर्मी भी पूर्णतया प्रशिक्षित नहीं है। अतः BIRSAC द्वारा भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में स्थापित किए जानेवाले GIS Lab की स्थापना, संरचना, कार्य–प्रणाली एवं कर्मियों के प्रशिक्षण के संबंध में परामर्श दिए जाने की आवश्यकता है।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

**ज्ञापांकः** 17–वि0सर्वे0–मानचित्र सत्यापन–273/2016......1178......**पटना, दिनांकः** 20-05-2022

**प्रतिलिपिः**–सचिव/निदेशक, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 17–वि0सर्वे0–मानचित्र सत्यापन–273/2016......1178......**पटना, दिनांकः** 20-05-2022

**प्रतिलिपि** :– राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी, एन0आई0सी0, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 17–वि0सर्वे0–मानचित्र सत्यापन–273/2016......1178......**पटना, दिनांकः** 20-05-2022

**प्रतिलिपिः**– परियोजना निदेशक, बिहार सुदूर संवेदन उपयोग केन्द्र, तारामंडल, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 17–वि0सर्वे0–मानचित्र सत्यापन–273/2016......1178......**पटना, दिनांकः** 20-05-2022

**प्रतिलिपिः**– सहायक निदेशक/प्रशाखा पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0सेल/श्री कुमार कन्हैया, जी0आई0एस0 कोर्डिनेटर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: 17–वि0सर्वे0–मानचित्र सत्यापन–273 / 2016............1178..................पटना, दिनांक: 20-05-2022

**प्रतिलिपि** :– हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IEISL (IL&FS), GISC, IIC के प्रतिनिधि को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: 17–वि0सर्वे0–मानचित्र सत्यापन–273 / 2016..............1178..............पटना, दिनांक: 20-08-2022

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप